समाचार

होम आईसोलेटेट के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों का पता लगाकर कोविड टेस्ट कराएं

(जोन कमिश्नरों व स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली आयुक्त ने)

कोरबा 23 मार्च 2021 –आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने निगम के जोन कमिश्नरों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना पाजिटिव आए होम आईसोलेट व्यक्तियों के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों की ट्रेसिंग करें तथा उनका कोविड टेस्ट कराएं। होम आईसोलेशन पर रह रहे कोविड पाजिटिव व्यक्तियों पर नजर रखें तथा यह देखें कि उनके द्वारा होम आईसोलेशन के नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जा रहा है।

यहां उल्लेखनीय है कि अन्य राज्यों के साथ–साथ छत्तीसगढ़ में भी कोरोना का संक्रमण फिर से बढ़ने लगा है। कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए शासन प्रशासन ने सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाएं हैं, कोविड टेस्ट में पाजिटिव आ रहे लोगों को होम आईसोलेशन पर रखकर उन्हें दवाई आदि उपलब्ध कराई जा रही है। होम आईसोलेशन में रहने वाले कोविड पाजिटिव लोगों के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों का तुरंत कोविड टेस्ट कराना आवश्यक है ताकि संक्रमण को रोका जा सके, इसके मद्देनजर आयुक्त श्री जयवर्धन ने जोन कमिश्नरों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि होम आईसोलेट व्यक्ति के संपर्क में आने वाले लोगों की ट्रेसिंग करें तथा उनकी अनिवार्य रूप से कोविड जांच कराएं।

प्राथमिकता क्रम में आने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा 45 वर्ष से 59 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे व्यक्तियों जो गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इस कार्य में विगत डेढ़ माह से निगम के अधिकारी मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे हैं, वहीं मुनादी आदि के माध्यम से लोगों को वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित किया जा रहा है, वार्ड पार्षदों, स्वयंसेवी संगठनों, सामुदायिक संगठकों सहित अन्य लोगों का सहयोग इसमें प्राप्त हो रहा है। आयुक्त श्री जयवर्धन ने जोन कमिश्नरों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को

निर्देश दिए हैं कि वे प्राथमिकता क्रम में किए जा रहे वैक्सीनेशन में अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन हो इस दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठाएं। उन्होने कहा कि जोन कमिश्नर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.बी.बोर्डे, निगम के अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद एवं एम.के.वर्मा सहित सभी जोन कमिश्नर व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।